## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A. BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (11.09.2024)

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:11.09.2024, PAGE-05

बीआरएबीयू • अंतिम बार 2018 में हुआ था दीक्षांत समारोह, इसके बाद 2 साल डीम्ड डेट पर दी गई डिग्री

# तीन सत्र के 3 लाख से अधिक छात्रों को नहीं मिल रही डिग्री, कन्वोकेशन को राजभवन की मंजूरी का इंतजार



एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

### सत्र 2021 से 2023 : पास आउट छात्रों को अभी यूनिवर्सिटी से मिल रहा प्रोविजनल

**इस साल एक लाख छात्र और बढ़ जाएंगे**

विश्वविद्यालय में इसी साल सत्र 2021-24 का फाइनल रिजल्ट भी जारी होना है। पिछले हफ्ते ही परीक्षा खत्म हुई है। जल्द मूल्यांकन शुरू कराकर रिजल्ट जारी करने की तैयारी है। एक लाख से अधिक परीक्षार्थी इसमें शामिल हुए हैं। ऐसे में पार्ट-3 का रिजल्ट जारी होने के बाद इन छात्रों को भी डिग्री का इंतजार शुरू हो जाएगा। हालांकि, छात्रों की परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से अब मार्कशीट के साथ ही कॉलेजों में प्रोविजनल सर्टिफिकेट भेजने की योजना बनी है।

**मंजूरी मिलते ही डिजीलॉकर पर अपलोड होगी डिग्री**

राजभवन से कन्वोकेशन डेट मिलने के बाद सत्र 2021 और उसके बाद उत्तीर्ण छात्रों की डिग्री डिजीलॉकर पर भी अपलोड कर दी जाएगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। अभी पिछले सत्रों का प्रोविजनल अपलोड किया जा रहा है। साथ ही जो पुराने छात्र डिग्री के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनका डिजीलॉकर कराने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्स लिए जा रहे हैं। अगले सत्र से परीक्षा फॉर्म भरने के लिए भी डिजीलॉकर और एबीसी आईडी अनिवार्य की जा रही है।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में तीन सत्र के 3 लाख से अधिक स्टूडेंट्स डिग्री मिलने के इंतजार में हैं। डिग्री के बजाय विश्वविद्यालय की ओर से उन्हें प्रोविजनल सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। कन्वोकेशन के लिए राजभवन प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन, अब तक मंजूरी नहीं मिली है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों का कहना है कि राजभवन से डीम्ड डेट मिल जाएगा, तो उसके आधार पर भी डिग्री जारी कर दी जाएगी। इसके लिए तीन बार विश्वविद्यालय से प्रस्ताव भेजा जा चुका है। लेकिन, राजभवन से इस पर कोई जवाब नहीं आया है। सत्र 2021 से 2023 तक स्नातक उत्तीर्ण छात्र डिग्री के लिए लगातार कॉलेज से विश्वविद्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं। परीक्षा विभाग की ओर से सत्र 2022 तक की डिग्री जारी की जा रही है। पिछली बार दीक्षांत समारोह वर्ष 2018 में आयोजित हुआ था। इसमें कहा गया था कि हर साल दीक्षांत समारोह कराकर छात्रों को डिग्री दी जाएगी, जिससे उनका समय बचेगा। लेकिन वर्ष 2020 में कोरोना के कारण समारोह नहीं कराया जा सका। विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर राजभवन ने कन्वोकेशन का डीम्ड डेट दे दिया, जिसके आधार पर वर्ष 2019 और 2020 की डिग्री जारी कर दी गई। इसके बाद 2021 से कोई आयोजन नहीं हो सका। पिछले साल राजभवन को दीक्षांत समारोह के लिए प्रस्ताव भेजा गया। इस साल भी राजभवन में भी पत्र भेजा गया। उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव के बाद राजभवन से स्वीकृति मिल जाएगी। इसके आधार पर ही डिग्री के लिए आने वाले छात्रों से कहा जाता था कि जुलाई-अगस्त तक सबको डिग्री मिल जाएगी। लेकिन अब तक इसको लेकर कोई जानकारी नहीं है।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:11.09.2024, PAGE-05

### समय पर परीक्षा व रिजल्ट प्राथमिकता : परीक्षा नियंत्रक

मुजफ्फरपुर | विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुब्बा लाल पासवान से मिलकर बधाई दी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि छात्र हित में समय पर परीक्षा व पेंडिंग रहित समय पर रिजल्ट हमारी प्राथमिकताओं में है। परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिए हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। । मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ. ललित किशोर, डॉ. राघव कुमार, डॉ. नितेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सर्वेश्वर कुमार, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार आदि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सीनियर स्केल एकेडमिक लेवल में 298 शिक्षकों को प्रमोशन

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 21 विषयों के 298 शिक्षकों को ग्रेड पे लेवल 10 से 11 में प्रमोशन दिया गया है। कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पात्रता पूरी करने वाले शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर 26 जुलाई व 2 सितंबर को स्क्रीनिंग कम इवैलुएशन कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें लिए निर्णय के आधार पर मंगलवार को कुलसचिव ने अधिसूचना जारी की। कुछ शिक्षकों को 2020 से प्रमोशन दिया गया है। वहीं, अन्य शिक्षकों को 2021, 2022, 2023 या 2024 से प्रमोशन मिला है। मनोविज्ञान विभाग में सर्वाधिक 32 शिक्षकों को प्रमोशन मिला है। वहीं, इतिहास में 31, फिलॉसफी में 14, होम साइंस में 15, मैथेमैटिक्स में 10, पॉलिटिकल साइंस में 25, जूलॉजी में 9, मैथिली में 2, उर्दू में 11, संस्कृत में 5, सोशियोलॉजी में 1, लॉ में 1, हिंदी में 27, फिजिक्स में 19, केमिस्ट्री में 15, बॉटनी में 10, भूगोल में 14, इकोनॉमिक्स में 28, इंगलिश में 16, इलेक्ट्रॉनिक्स में 2 और कॉमर्स में 10 शिक्षक शामिल हैं।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 11.09.2024, PAGE-05

# डिजी लॉकर पर प्रोविजनल अपलोड कर बनाया रिकॉर्ड, डिग्री देने में फिसड्डी

**मुजफ्फरपुर** | स्टूडेंट्स का प्रोविजनल सर्टिफिकेट डिजीलॉकर पर अपलोड करने में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रदेश भर में पहले स्थान पर है, जबकि डिजिटल डिग्री देने में फिसड्डी साबित हुए। विवि में कई महीनों से कवायद चल रही है। इसके बाद यह स्थिति है। डिजी लॉकर पर मार्कशीट तो एक भी अपलोड नहीं किया जा सका है। हालांकि प्रदेश भर के विवि की रैंकिंग में बिहार विवि की स्थिति ठीक-ठाक बताई गई है। सरकार के रिकॉर्ड के अनुसार पाटलीपुत्र विवि और पटना विवि से अबतक एक भी प्रमाणपत्र डिजीलॉकर पर नहीं डाला गया है। अब तक 1 लाख 86 हजार 493 स्टूडेंट्स का प्रोविजनल डिजीलॉकर पर अपलोड किया जा चुका है। वहीं 1 लाख 86 हजार 531 स्टूडेंट्स का रिकॉर्ड डिजीलॉकर पर डाला गया है। डिग्री और अंकपत्र अपलोड करने में विवि की स्थिति ठीक नहीं है। अबतक केवल 38 छात्रों की डिग्री अपलोड हुई है, जबकि एक भी अंकपत्र इसपर अपलोड नहीं हुआ है। डिप्लोमा और ट्रांस्क्रिप्टेड को पोर्टल पर अपलोड करने में भी अबतक विश्वविद्यालय का खाता नहीं खुला है। पूरे प्रदेश में डिग्री और कुल रिकार्ड अपलोड करने में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय शीर्ष पर है। यहां से 2.91 लाख स्टूडेंट्स का रिकॉर्ड और इतने ही स्टूडेंट्स की डिग्री अपलोड की गई है। ओवरऑल परफॉर्मेंस में मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय लीड कर रहा है। यहां से कुल 2.27 लाख स्टूडेंट्स का रिकॉर्ड डिजी लॉकर पर डाला गया है।

## HINDUSTAN, MUZAFARPUR
## DATE : 11.09.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू के 298 शिक्षकों का प्रमोशन

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू के 298 सहायक प्राध्यापकों का सीनियर स्केल में प्रमोशन हुआ है। सभी विभागों के शिक्षकों का प्रमोशन किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने शिक्षकों की पूरी स्क्रीनिंग के बाद उनका प्रमोशन किया है। लंबे समय से शिक्षकों के प्रमोशन की मांग चल रही थी।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 11.09.2024, PAGE-04

# विवि के 298 सहायक प्राध्यापकों को दी ग्रेड पे लेवल में पदोन्नति

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से मंगलवार को 21 विषयों के 298 सहायक प्राध्यापकों को ग्रेड पे लेवल 10 से 11 में पदोन्नति दे दी गयी है. कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत जिन सहायक प्राध्यापकों ने इसकी पात्रता पूरी की, उन्हें प्रमोशन दिया गया है. 26 जुलाई व दो सितंबर को हुई स्क्रीनिंग कम इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक में लिए निर्णय के बाद कुलसचिव प्रो.अपराजिता कृष्णा ने इसकी अधिसूचना जारी की. बताया गया कि करीब दो महीने से यह मामला लंबित था. जारी अधिसूचना में शिक्षकों के प्रमोशन को प्रभावी माने जाने की तिथि का भी उल्लेख किया गया है. कुछ शिक्षकों को 2020 से और कुछ को 2021, 2022, 2023 व 2024 से प्रमोशन दिया गया है. मनोविज्ञान में सर्वाधिक 32, इतिहास में 31, दर्शनशास्त्र में 14, गृहविज्ञान में 15, गणित में 10, राजनीति विज्ञान में 25, जूलॉजी में 9, मैथिली में 2, उर्दू में 11, संस्कृत में 5, समाजशास्त्र और लॉ में 1-1, हिंदी में 27, भौतिकी में 19, रसायनशास्त्र में 15, बॉटनी में 10, भूगोल में 14, अर्थशास्त्र में 28, अंग्रेजी में 16, इलेक्ट्रॉनिक्स में 2 और कॉमर्स में 10 शिक्षकों के प्रमोशन मिला है.

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 11.09.2024, PAGE-04

# समस्याओं के निदान को सिंगल विंडो सिस्टम

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं को दूर करने को लेकर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने की दिशा में पहल की है. अब सिंगल विंडो सिस्टम से छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. विश्वविद्यालय में इसको लेकर अलग से काउंटर बनाया जाएगा. यहां छात्र-छात्राएं अपनी शिकायत दर्ज करायेंगे. इसकी पावती उन्हें दी जाएगी. इसके साथ ही एक यूनिक आइडी भी मिलेगी. इसकी मदद से वे अपने आवेदन की स्थिति को देख पाएंगे. समस्या का निराकरण होने के बाद मैसेज और फोन कर छात्रों को यह सूचना भी दे दी जाएगी. इसी सप्ताह इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी. सिंगल विंडो काउंटर पर परीक्षा विभाग के अनुभवी कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी.छात्र-छात्राओं को मुख्यालय में भटकना नहीं पड़े और वे बिचौलियों के चक्कर में नहीं पड़ें. इसको लेकर उन्हें संबंधित विभाग की जानकारी भी दी जाएगी.

